EDITORIAL

# Resurgent BSNL vs. the Third Wage Revision

After nearly 17 years, the fully government-owned public sector undertaking, BSNL, has recorded a net profit in the third and fourth quarters of the financial year 2024-25. This news has greatly enthused all BSNL officers and employees. Even the Honorable Communications Minister has publicly expressed his happiness over this achievement. It is being said that this profit has been earned by selling or leasing BSNL's assets, along with the recovery of telephone revenue dues through court interventions, which has also contributed to this profit. While this claim is partially true, the reality is that 10% of the earned profit comes from the company's various services, and 8% comes from other sources.

What is significant is that currently, BSNL's management assigns quarterly, half-yearly, nine-monthly, and annual targets to each of its circles on a national scale. It is highly commendable that, except for one circle, all other circles have exceeded the targets set by the higher management and generated revenue proportionally. As a result, the company has achieved a net profit in the last financial year's third and fourth quarters. It is also worth mentioning that BSNL is currently playing a leading role in the FTTH (Fiber to the Home) sector. Similarly, in various aspects of leased circuits, BSNL is also performing a pioneering role. Encouraging earnings are being made from both these sectors. However, there is skepticism because external agencies invest capital in these areas, raising concerns that over time, despite remaining government-owned, BSNL may completely fall into the hands of private contractors.

The ground reality is that after the VRS (Voluntary Retirement Scheme) in 2020, there has been a drastic reduction in the number of employees. All remaining employees are working with extreme dedication and under heavy workloads, which is driving BSNL towards dynamism and profitability. Therefore, BSNL management and the government should abandon any plans for a second VRS, as BSNL is a strategic company that implements government telecom policies across the country. Keeping BSNL under government ownership is essential for national security and internal security in the country's interest.

For the current financial year as well, BSNL's top management has set revenue targets for all circles while increasing service delivery. Although the given targets seem overly burdensome, if the legitimate rights of BSNL's aggrieved employees are fulfilled without deprivation, they will work with full enthusiasm and dedication to achieve the management's targets and guarantee their accomplishment.

It is noteworthy that the third wage revision for BSNL employees, which should have been implemented from 01.01.2017, has still not been granted. More than 60% of non-executive employees are deprived of annual salary increments. Employees have been enduring this pain for the last 8-10 years. Repeated requests from employee organizations are being ignored. Now, the management has started saying that even officers at the General Manager level are suffering from stagnation. This statement from the management is like rubbing salt on the wounds of non-executive employees. Claiming that General Managers are facing stagnation, and therefore, the wage revision for non-executives will not be implemented, is unjust. While officers at the General Manager level receive salaries close to two lakhs, lower-level employees are forced to work on a monthly salary of forty thousand without a single rupee of annual increment for the last 8-10

years. They come to work on time under strict discipline, complete their duties, and leave on time. In such a scenario, ignoring their legitimate demand for the third pay revision is beyond justice. Depriving family members of basic needs while increasing the family's wealth can only be called a cruel system, far removed from humanitarian thinking.

Promotion-related examinations are not being conducted in all circles, leaving competent and meritorious employees frustrated. Their status in society appears to be that of second-class citizens. They face humiliation at home and are mocked by their educated peers in society because those working in other departments are earning higher positions, prestige, and salaries compared to BSNL employees.

Sports and cultural activities have been indefinitely banned. This step is against the government's national sports and youth development policies. BSNL management is gradually imposing restrictions on all welfare policies and facilities meant for employees, which is deeply disappointing. BSNL employees are being isolated from the general category of Indian citizens. According to government policies and psychiatrists, sports and cultural activities help in the mental and physical development of individuals. If this approach is reinstated for BSNL employees, it could undoubtedly accelerate the company's growth.

There is also a discussion among employees that sports and cultural programs might vanish, just like jobs granted on compassionate grounds. It is worth noting that in 2018, a circular was issued stating that compassionate appointments would be banned until March 2022, but it also mentioned that dependents of deceased employees could continue applying. Then, in 2022, another circular extended this ban indefinitely until further orders. No one knows when this "further order" will come. Dependents of deceased employees/officials are left struggling. A major issue also exists for employees recruited in BSNL regarding post-retirement benefits. BSNL has not followed the guidelines set by the Department of Public Enterprises, which mandate that 30% of their salary and dearness allowance should be deposited monthly for their retirement benefits. This system has only been partially implemented in BSNL. Due to its incomplete implementation, the dependents of newly recruited employees who die face extreme hardships in livelihood and children's education. This system seems like a blot on present-day Indian democracy.

In this situation, BSNL management and the government need to take a considerate approach toward employees. The issue of wage revision for all regular employees/officers, including temporary status workers, must be resolved and implemented at the earliest. It is well known that BSNL does not meet the eligibility criteria under the Department of Public Enterprises' provisions for implementing the third wage revision. Still, the company's employees are playing a commendable role in providing telecom services in rural areas and working in line with the government's digital policies. Despite BSNL's fragile financial condition, the current workforce has steered it toward profitability. It is hoped that all employees will work with full dedication to achieve the targets given to the circles. In this context, it is the responsibility of BSNL management and the government to relax the rules where necessary and grant employees the benefit of the third wage revision.

संपादकीय

# उत्थानशील बीएसएनएल बनाम तृतीय वेतन पुनरीक्षण

लगभग 17 वर्षों के बाद पूर्ण रूप से केंद्र सरकार के स्वामित्व वाली लोक उपक्रम बीएसएनल वित्तीय वर्ष 2024 – 25 के तृतीय एवं चतुर्थ तिमाही में शुद्ध लाभ अर्जित किया है। इस समाचार से बीएसएनएल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अति उत्साहित हैं। यहां तक की माननीय संचार मंत्री ने भी इस खुशी का इजहार आम जनता के समक्ष किया है। ऐसा कहा जा रहा है कि यह लाभ बीएसएनएल के परिसंपत्तियों को बेचकर या किराए पर रखकर अर्जित किया गया है तथा पूर्व के टेलीफोन राजस्व बकाया की अदालत लगाकर जो वसूली हुई है उसका भी इस लाभ में योगदान है। यह कथन आंशिक रूप से सत्य है परंतु वास्तविकता यह है कि अर्जित लाभ का दस प्रतिशत कंपनी के विभिन्न प्रकार के सेवा से प्राप्त हुआ है तथा आठ प्रतिशत अन्य स्रोत से प्राप्त हुए है।

महत्वपूर्ण यह है कि वर्तमान समय में बीएसएनएल के प्रबंधन द्वारा राष्ट्रीय पैमाने पर प्रत्येक परिमंडलों को तिमाही, छमाही, नौमाही तथा वार्षिक लक्ष्य दिए जाते हैं। यह अत्यंत सराहनीय प्रतीत होता है कि बीएसएनएल के एक परिमंडल को छोड़कर सभी परिमंडलों ने उच्च प्रबंधन द्वारा दिए गए लक्ष्य से ऊपर उठकर कार्य किए हैं एवं उसी अनुपात में राजस्व प्राप्त किए हैं। जिसके फलस्वरुप गत वित्तीय वर्ष के तीसरे और चौथी तिमाही में कंपनी ने शुद्ध लाभ अर्जित किया है। यह भी उद्धरित करना प्रसंग के अनुकूल ही होगा कि वर्तमान में बीएसएनएल में एफ टी टी एच (एफटीटीएच) के क्षेत्र में बीएसएनएल अग्रणी भूमिका निभा रही है। इसी प्रकार लिज्ड सर्किट के विभिन्न आयामों में भी बीएसएनएल अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रही है। इन दोनों क्षेत्रों से उत्साह जनक कमाई हो रही है। संशय की स्थिति यह है कि इन क्षेत्रों के लिए बाहरी एजेंसी ही पूंजी निवेश करती है, जिससे आशंका यह है कि कालांतर में बीएसएनएल का स्वामित्व सरकारी रहते हुए पूर्णरूप से निजी ठेकेदारों के हाथों में चली जाएगी। सरजमीन की वास्तविकता यह है कि वीआरएस वर्ष 2020 के उपरांत कर्मचारियों की संख्या में अकूत कमी हो गई है। समस्त कर्मचारी अति निष्ठा एवं भारयुक्त कार्य संपादित करते हैं, जिससे बीएसएनएल गतिशील हो रही है एवं मुनाफे की ओर जा रही है। अतः बीएसएनएल प्रबंधन एवं सरकार को दूसरी बार वीआरएस देने की जो सोच है उसे नजर अंदाज करना चाहिए ताकि बीएसएनएल जो एक स्ट्रैटेजिक कंपनी है तथा सरकारी दूरसंचार नीतियों को देश में लागू करती है। इसलिए देशहित में बीएसएनएल को सरकारी स्वामित्व में रखना राष्ट्रीय सुरक्षा एवं आंतरिक सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए भी बीएसएनएल के उच्च स्तरीय प्रबंधन ने सभी परिमंडलों को सेवा में वृद्धि करते हुए राजस्व प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। हालांकि दिए गए लक्ष्य अति भार युक्त प्रतीत होते हैं परंतु बीएसएनएल के बिलखते हुए कर्मचारियों के वाजिब हकों से वंचित न करके उनके वाजिब हकों की पूर्ति की जाए तो वह पूरे उत्साह से कार्य संपादित करते हुए प्रबंधन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के पूर्ति के लिए जी–जान से परिश्रम करेंगे तथा लक्ष्य की प्राप्ति की गारंटी करेंगे।

ज्ञातव्य है कि बीएसएनएल कर्मचारियों के लिए तृतीय वेतन पुनरीक्षण जो दिनांक 01.01.2017 से लागू होना चाहिए उसे अभी तक वंचित रखा गया है। नन एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के साठ प्रतिशत से अधिक कर्मचारी वार्षिक वेतन बढ़ोतरी से वंचित हैं। यह पीड़ा पिछले आठ–दस वर्षों से कर्मचारी झेल रहे हैं। कर्मचारी संगठनों के बार–बार किए गए आग्रह को नजर अंदाज किया जा रहा है। प्रबंधन की ओर से अब कहा जाने लगा है कि महाप्रबंधक स्तर के अधिकारी भी स्टैग्नेशन का दंश झेल रहे हैं। प्रबंधन का यह कथन नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के जले पर नमक छिड़कने जैसा है। यह कहना की महाप्रबंधक स्टैग्नेशन का दंश झेल रहे हैं इसलिए ए टी टी का वेतन पुनरीक्षण नहीं किया जाएगा, न्याय संगत नहीं है। जहां महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों को दो लाख के करीब वेतन भुगतान होते हैं, वहां निचले पायदान के कर्मचारी चालीस हजार के मासिक वेतन पर कार्य करने को बाध्य है। वह भी बिना एक पैसा वार्षिक बढ़ोतरी के पिछले आठ–दस वर्षों से कार्य कर रहे हैं। कड़े पाबंदी के अंतर्गत समय से कार्य पर आते हैं एवं अपना कार्य पूरा करके समय

पर ही कार्य से वापस जाते हैं। ऐसे में तृतीय वेतन पुनरीक्षण के वाजिब हक को नजर अंदाज करना न्याय से परे है। परिवार के सभी लोगों को भूखे रख कर परिवार के धन को बढ़ाना मानवीय सोच से अलग एक क्रूर व्यवस्था ही कही जा सकती है। सभी परिमंडलों में पदोन्नति से संबंधित परीक्षाएं आयोजित नहीं की जा रही है, जिससे योग्य एवं मेधा रखने वाले कर्मचारी कुंठित हैं। समाज में उनकी स्थिति द्वितीय श्रेणी के नागरिक के रूप में प्रतीत होती है। घर–परिवार में उन्हें अपमानित होना पड़ रहा है तथा समाज में उनके समकक्ष शिक्षित लोग उन्हें चिढ़ा रहे हैं। इसलिए की वे कहीं अन्य विभाग में कार्य करते हुए पद, प्रतिष्ठा, एवं पैसा बीएसएनएल के कर्मचारियों के तुलना में अधिक प्राप्त कर रहे हैं।

खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा दी गई है। यह कदम सरकार के राष्ट्रीय खेल एवं युवा विकास नीतियों के प्रतिकूल है। बीएसएनएल प्रबंधन कर्मचारियों की कल्याण के लिए बनाई गई समस्त नीतियों एवं सुविधाओं पर शनैःशनैः पाबंदी लगाते जा रही है जो घोर निराशाजनक है। आम भारतीय नागरिकों के श्रेणी से बीएसएनएल कर्मचारियों को अलग–थलग किया जा रहा है। सरकार की नीतियों के अनुसार एवं मनोचिकित्सा विशेषज्ञों के द्वारा यह कहा जाता है कि खेल–कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के द्वारा व्यक्ति का मानसिक एवं श्रम शक्ति का विकास किया जा सकता है। अगर यह सोच बीएसएनएल कर्मचारियों के लिए पुनः क्रियान्वित किया जाए तो बीएसएनएल के विकास की गति में बेशक तेजी लाई जा सकती है।

खेल–कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुद्दा भी अनुकंपा के आधार पर होने वाली नौकरी की तरह कहीं विलुप्त ना हो जाए, ऐसी चर्चा कर्मचारियों के बीच है। ज्ञातव्य है कि सर्वप्रथम अनुकंपा के आधार पर मिलने वाली नौकरी के लिए सन 2018 में एक परिपत्र जारी किया गया कि अनुकंपा आधारित नौकरी पर मार्च 2022 तक पाबंदी लगाई जाती है लेकिन उसी परिपत्र में यह भी था की मृत कर्मचारियों के आश्रित अपना आवेदन देते रहेंगे। पुनः 2022 में इस व्यवस्था के विषय में परिपत्र जारी कर कहा गया की अनुकंपा आधारित नौकरी पर अगले आदेश तक के लिए प्रतिबंध लगाई जा रही है। यह अगला आदेश कब समाप्त होगा इस दिशा में कोई नाम लेने वाला नहीं है। मृत कर्मचारियों/अधिकारियों के आश्रित दर–दर की ठोकरे खा रहे हैं। अहम समस्या बीएसएनल में भर्ती किए गए कर्मचारियों के लिए है, जिनके लिए सेवानिवृत्ति के उपरांत मिलने वाले लाभ के विषय में बीएसएनएल ने लोक उपक्रम विभाग द्वारा प्रतिपादित दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया है। यह स्पष्ट है की नई भर्ती किए गए कर्मचारियों के लिए उनके वेतन एवं महंगाई भत्ते का 30% हिस्सा उनके सेवानिवृत्ति लाभ के लिए कंपनी को प्रतिमाह संचय करना है परंतु बीएसएनएल में यह व्यवस्था आंशिक रूप से लागू की गई है। इस व्यवस्था के पूर्णतया लागू नहीं होने से नई भर्ती वाले कर्मचारियों की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों का जीवन–यापन तथा बच्चों की शिक्षा दीक्षा असंभव हो रही है। यह व्यवस्था वर्तमान भारतीय लोकतंत्र में एक कलंक जैसा प्रतीत होता है।

इस परिस्थिति में बीएसएनएल प्रबंधन एवं सरकार को कर्मचारियों के प्रति सापेक्ष विचार रखते हुए कदम बढ़ाने की जरूरत है। टेंपरेरी स्टेटस मजदूर सहित सभी नियमित कर्मचारियों/अधिकारियों के वेतन पुनरीक्षण के सवाल को यथाशीघ्र हल करते हुए इसे लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। यह सर्वविदित है कि बीएसएनएल में तृतीय वेतन पुनरीक्षण लागू करने के लिए लोक उपक्रम विभाग के प्रावधानों के तहत अहर्ता नहीं है फिर भी कंपनी के कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाएं देने में सराहनीय भूमिका अदा कर रहे हैं तथा सरकार द्वारा प्रतिपादित डिजिटल नीति के अनुरूप कार्य कर रहे हैं। सरकार के सभी नीतियों का पालन करते हुए बीएसएनएल की जर्जर हो चुकी आर्थिक स्थिति से वर्तमान कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारी इसे लाभ की ओर अग्रसर कराए हैं, तथा आशा है कि परिमंडलों को दिए गए लक्ष्य की पूर्ति करने में समस्त कार्यबल पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से कार्य करेंगे।

इस परिपेक्ष में बीएसएनएल प्रबंधन एवं सरकार का दायित्व बनता है कि तृतीय वेतन पुनरीक्षण के लिए नियमों में आवश्यक शिथिलता बरतते हुए इन्हें वेतन बढ़ोतरी का लाभ दी जानी चाहिए।